गुरुवार
27 अक्टूबर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



पावर हाउस के वर्कशॉप में लगी आग 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## छोटी खबरें

### रोहतास जिले में पांच लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रोहतास।** बहार के रोहतास जिले में पांच लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मौत के संबंध में बताया जा रहा है कि लोग अचानक बीमार पड़ रहे हैं। अचानक उनका शरीर अकड़ जा रहा है और आंखों से दिखाई देना बंद हो रहा है। इसके बाद उनकी मौत हो जा रही है। स्थानीय लोगों की माने तो 5 लोगों की मौत दो दिनों के अंतराल में हुई है। मामला रोहतास जिले को करगहर थाना इलाके का है। बताया जा रहा है कि दो गांवों में पांच लोगों की संदिग्ध स्थिति में मौत से सभी ग्रामीण दहशत में है। ग्रामीणों के अनुसार, सभी के पेट, कमर और सीने में असहनीय दर्द और आंखों की रोशनी चले जाने जैसी बीमारी हो रही है। वहीं, ग्रामीणों की मानें तो पांचों ने दिवाली की रात में शराब पी थी। इसके बाद ही इनकी तबीयत बिगड़ी। हालांकि मृतकों के परिजन शराब की सेवन से मौत होने की बात से इनकार कर रहे हैं। हालांकि पुलिस-प्रशासन इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रही है। ग्रामीणों की माने तो मृतकों में चार लोगों का परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जबकि एक युवक की अभी अंतिम संस्कार करना बाकी है। मृतकों की पहचान बड़की खरारी निवासी राज किशोर सिंह के पुत्र धनंजय सिंह, सुदर्शन यादव के पुत्र संजय यादव, अर्जुन पासवान के पुत्र बुद्धू पासवान एवं चंदन पासवान के रूप में हुई है। जबकि पहाड़ी निवासी जगदीश सिंह के पुत्र मनीष सिंह की मौत हो गई है।

### उप्र के टीचरों के लंबित एरियर भुगतान की व्यवस्था पारदर्शी होगी

**लखनऊ।** यूपी के टीचरों को योगी सरकार ने बड़ी राहत दी है। टीचरों के लंबित एरियर भुगतान की पारदर्शी व्यवस्था होगी। वित्त व लेखाधिकारी के स्तर पर इसका अलग रजिस्टर बनाया जाएगा। एक महीने के भीतर यह व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। बीते दिनों वित्त व लेखाधिकारियों की समीक्षा बैठक में पाया गया कि शिक्षकों के लम्बित भुगतानों में पारदर्शी व्यवस्था का अभाव है। प्रक्रिया निर्धारित न होने के कारण बकाए का समय पर निस्तारण नहीं किया जाता। बैठक में ही वित्त नियंत्रक ने निर्देश दिए कि शिक्षकों के एरियर एवं अन्य देयताओं के लिए वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय स्तर एरियर रजिस्टर बनाया जाए और प्राप्त होने वाले एरियरों को क्रमवार और दिनांकवार रजिस्टर पर अंकित किया जाए। एरियर का भुगतान रजिस्टर में अंकित एरियर में से ही प्रथम आगत, प्रथम भुगतान के आधार पर ही किया जाएगा। शिक्षकों की देयताओं के भुगतान के संबंध में पारदर्शितापूर्ण, समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए वित्त नियंत्रक ने कहा कि इसकी मॉनिटरिंग लगातार की जाएगी।

### मालगाड़ी का ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा, हावड़ा-नई दिल्ली रूट की दोनों लाइनों पर परिचालन पूरी तरह ठप, बढ़ी परेशानी

# गया के पास मालगाड़ी के 57 डिब्बे पटरी से उतरे

- गुरपा स्टेशन के पास हुए हादसे में मालगाड़ी के कई डिब्बे एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गए थे
- मालगाड़ी के ब्रेक फेल होने का वीडियो वायरल, बेपटरी हुए डिब्बे को लेकर गुरपा स्टेशन को तेजी से पार करता नजर आया इंजन
- मलबा को ट्रैक से हटाने में करीब 20 घंटे का लग सकता है समय





**केटी न्यूज/पटना**

धनबाद मंडल के कोडरमा और मानपुर रेलखंड के बीच गुरपा स्टेशन पर बुधवार की सुबह 6.24 बजे ब्रेक फेल होने के कारण कोयला लदी एक मालगाड़ी के 57 डिब्बे पटरी से उतर गए। गया स्टेशन के पास हुआ यह हादसे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मालगाड़ी के डिब्बे न केवल पटरी से उतरे बल्कि एक-दूसरे पर चढ़ गए थे। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी हजारीबाग से कोयला लोड कर दादरी जा रही थी। घटना के बाद हावड़ा-नई दिल्ली रूट की अप एवं डाउन दोनों लाइनों पर परिचालन ठप हो गया। धनबाद-गया इंटरसिटी और गया-आसनसोल पैसेंजर ट्रेन को रद कर दिया गया है। घटना के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो जंक्शन से दुर्घटना राहत यान घटना स्थल पहुंचा और डिब्बों के पटरी से हटाने में जुटा रहा। दुर्घटना के दौरान इतनी भीषण आवाज हुई कि करीब चार-पांच किलोमीटर क्षेत्र के लोग सहम गए और घटनास्थल की ओर दौड़ भागे।

जानकारी के अनुसार गया-धनबाद रूट पर घाटी से उतरते समय मालगाड़ी का ब्रेक फेल हो गया। इससे इसकी रफ्तार करीब 150 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई। गुरपा स्टेशन से पहले इसे स्लिप साइडिंग करके रोकने की कोशिश की गई। इस दौरान कपलिंग टूटने के कारण एक-एक कर कोयला लदे 57 डिब्बे पटरी से उतरकर पलटते चले गए। मालगाड़ी के ब्रेक फेल होने का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि मालगाड़ी का इंजन एक बोगी को लेकर गुरपा स्टेशन से सरपट भाग रहा है। इंजन को तेजी से स्टेशन की ओर आने के कारण गुरपा स्टेशन पर मौजूद लोगों में भगदड़ मच जाती है। हालांकि इसके कुछ समय बाद इंजन रुक जाती है। मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद रेलवे ने अप व डाउन लाइन की दर्जन भर ट्रेनों का रूट बदल दिया है जबकि आसनसोल से खुलने वाली 13545 आसनसोल-गया ट्रेन का परिचालन रद्द कर दिया है। अचानक हुई इस दुर्घटना ने रेलयात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। हादसे के कारण न केवल ट्रेनों का रूट बदला गया, बल्कि कुछ ट्रेनें रद्द कर दी गईं, वहीं कई ट्रेनें जहां-तहां खड़ी रहीं।

**यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने हेल्पलाइन जारी किया है।**

धनबाद 8102928627, गोमो 9471191511, कोडरमा 9334837103.

### अपलाइन का ट्रैक उखड़ा, बिजली के कई खंभे टूटे

हादसे के करीब 3 घंटे बाद एक जेसीबी मौके पर पहुंची और मलबा को हटाने का काम शुरू कर दिया गया। कहा जा रहा है कि अपलाइन का ट्रैक भी उखड़ गया है। बिजली के कई खंभे टूट गए और ट्रेक्शन तार भी क्षतिग्रस्त हो गया है। कोयले और वैगन का मलबा तीनों रेलवे ट्रैक पर फैल गया है। इस कारण गया कोडरमा रूट पर ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई। मलबा हटाने में करीब 20 घंटे का वक्त लग सकता है। इसका नुकसान यात्रियों को उठाना होगा।

### पूर्व मध्य रेलवे ने इन ट्रेनों का बदला रूट, पूरे दिन परेशान होते रहे यात्री

1. हावड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस 12381 ट्रेन आसनसोल-झाझा, पटना डीडीयू के रास्ते जाएगी
2. कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 12151 ट्रेन आसनसोल-झाझा, पटना-डीडीयू होकर जाएगी
3. पटना-रांची एक्सप्रेस 12365 ट्रेन गया-डेहरी ऑन सोन-गढ़वा रोड-टोरी के रास्ते जाएगी
4. कोलकाता-आगरा कैंट एक्सप्रेस 12319 आसनसोल-झाझा, पटना-डीडीयू होकर
5. बीकानेर-सियालदह एक्सप्रेस 12260 ट्रेन गया-किऊल-झाझा के रास्ते
6. अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस 12988 ट्रेन गया-किऊल-झाझा के रास्ते
7. नई दिल्ली-हावड़ा एक्सप्रेस 12382 गया-किऊल-झाझा के रास्ते
8. आनंद विहार- हल्दिया एक्सप्रेस 12444 डीडीयू-पटना-झाझा-आसनसोल के रास्ते
9. नई दिल्ली-पुरी एक्सप्रेस 12802 वाया डेहरी ऑन सोन-गढवा रोड-बरकाकान-मुरी
10. जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस 13152 ट्रेन गया-किऊल-झाझा के रास्ते
11. हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस 18626 ट्रेन चंद्रपुरा-कतरासगढ़-धनबाद-प्रधानखंटा-झाझा-किऊल-दिनकर ग्राम सिमरिया होते हुए
12. पूर्णिया कोर्ट -हटिया एक्सप्रेस 18625 ट्रेन गया-डेहरी ऑन सोन-गढ़वा रोड-टोरी-लोहरदगा-रांची होते हुए
13. पुरी-नई दिल्ली एक्सप्रेस 12801 ट्रेन राजाबेरा-भंडारीडीह-गढ़वा रोड-डेहरी ऑन सोन के रास्ते

24 और 25 को खुली ट्रेनों के रूट भी बदले

25 अक्टूबर को बीकानेर से खुली 12260 बीकानेर-सियालदह एक्सप्रेस, अजमेर से खुली 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस और नई दिल्ली से खुली 12382 नई दिल्ली-हावड़ा एक्सप्रेस और 24 अक्टूबर को जम्मूतवी से खुली 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस वाया गया-किऊल-झाझा के रास्ते अपने-अपने गंतव्यों पर पहुंचेंगी। इसी तरह 25 अक्टूबर को आनंद विहार टर्मिनस से खुली 12444 आनंद विहार टर्मिनस-हल्दिया एक्सप्रेस वाया पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-पटना-झाझा-आसनसोल के रास्ते, नई दिल्ली से खुली 12802 नई दिल्ली-पुरी एक्सप्रेस वाया डेहरी ऑन सोन-गढवा रोड-बरकाकाना-मुरी के रास्ते जाएगी। साथ ही 25 को ही पुरी से खुली 12801 पुरी-नई दिल्ली एक्सप्रेस वाया राजाबेरा-भंडारीडीह-(बरकाकाना छोड़कर)-गढ़वा रोड-डेहरी ऑन सोन के रास्ते जाएगी।

#### पूर्णिया-रांची जाने वाली ट्रेनों के रूट में भी बदलाव

26. अक्टूबर को हटिया से खुलने वाली 18626 हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस वाया चंद्रपुरा-कतरासगढ़-धनबाद-प्रधानखंटा-झाझा-किउल-दिनकर ग्राम सिमरिया के रास्ते और 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस वाया गया-डेहरी ऑन सोन-गढ़वा रोड-टोरी-लोहरदगा-रांची के रास्ते जाएगी।

## लखीसराय में 29 लाख रु.के नकली 500 के नोट के साथ दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के लखीसराय जिले की पुलिस ने 29 लाख रुपए के नकली नोट के साथ बड़े अंतरराज्यीय रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। नकली नोट 500 रुपए के हैं। एसपी पंकज कुमार ने कहा कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से 29 लाख रुपए का काला रंग का कागज बरामद किया गया। उक्त कागज पर गांधी जी की तस्वीर के साथ ही पांच सौ रुपए बना हुआ था। जिसे एक विशेष केमिकल में डाले जाने के साथ ही पांच सौ रुपए का नोट बन जाता था।

एसपी ने बताया कि रविवार को गुप्त सूचना पर टाउन थाना पुलिस ने छोटी दुर्गा स्थान के पास एक निजी होटल से एक महिला एवं पुरुष को हिरासत में लिया। पुरुष की पहचान नवादा जिला के पकरीवरमा थाना के भलुआ गांव निवासी उदय सिंह के पुत्र मनीष सिंह एवं उसकी पत्नी माधुरी को एक बैग और एक थैला में रखे नकली नोट की बड़ी खेप के साथ पहले गिरफ्तार किया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने नवादा जिला के ही अकबरपुर थाना क्षेत्र के राहुल सिंह एवं सतीश कुमार को भी नकली नोट के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने मनीष के पास रहे बैग से 15 बंडल काले रंग के जाली नोट के अलावा उसकी पत्नी माधुरी देवी के पास रहे थैला से से 14 बंडल, राहुल सिंह के पास से थैला से 14 बंडल एवं सतीश कुमार के पास से थैला से 15 बंडल पांच सौ रुपए के नकली नोट बरामद किया। पुलिस ने गिरोह में शामिल सात अपराधियों को नामजद किया है। नवादा जिला के पकरीवरमा थाना के मनीष, मनीष की पत्नी माधुरी, अकबरपुर थाना क्षेत्र के नोनाई निवासी नरेश कुमार सिंह के पुत्र सतीश कुमार, तयार के स्व. गौरी सिंह के पुत्र राहुल, नथुनी सिंह के पुत्र धर्मेन्द्र सिंह को नामजद किया है।

## गोपालगंज में पुलिसकर्मियों से भरी नाव गंडक नदी में पलटी, एक जवान की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

गोपालगंज में बुधवार को जादोपुर थाना क्षेत्र के राजवाहि गांव के पास गंडक नदी में नाव पलटने से एक जवान की डूबकर मौत हो गई। वहीं नाव पर सवार तीन अन्य पुलिसकर्मियों ने नदी में तैरकर अपनी जान बचाई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से मृत जवान राजेश कुमार का शव नदी से बाहर निकाला गया। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक जवान गया जिले के डोभी थाना क्षेत्र के रहने वाले मोहन ठाकुर का 36 वर्षीय बेटा था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जादोपुर थाना पुलिस को गुप्त मिली कि गंड़क नदी के रास्ते कुछ शराब तस्कर शराब की तस्करी के लिए जा रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस नाव पर सवार होकर जा रही थी, तभी राजवाही गांव के पास नाव पलट गई। नाव पर सवार चार पुलिसकर्मी डूबने लगे। इनमें से तीन जवानों ने नदी से तैर कर अपनी जान बचाई, जबकि एक पुलिस कर्मी लापता हो गया। बाद में उसकी लाश मिली। घटना के पीछे की वजह ये बताई जा रही है कि पुलिसकर्मी जिस नाव पर सवार होकर सर्च अभियान पर निकले थे वह नाव बहुत छोटी थी। नाव जब बीच गंडक नदी में पहुंची तो छोटी होने की वजह से नाव का संतुलन बिगड़ गया। नाव नदी में पलट गई।

### भागलपुर में नाव पलटी, एक ही परिवार के 6 डूबे

भागलपुर में बुधवार की शाम गंगा नदी में एक डेंगी नाव पलट गई। हादसे में नाव पर सवार एक ही परिवार के 6 लोग डूबने की सूचना है। जिनकी तलाश जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार सभी मेला देखने जा रहे थे। घटना गोपालपुर थाना क्षेत्र के कलवलिया धार के पास हुई। सभी लोग नाव पर सवार होकर अभिया गांव जा रहे थे, जहां काली पूजा को लेकर मेला लगा हुआ है। घटना की पुष्टि नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज ने की है। हादसे की जानकारी पर पुलिस प्रशासन ने एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों की मदद से दो शव बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। शेष लापता लोगों की तलाश की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोपालपुर इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती मालपुर धार में क्षमता से अधिक चारा और लोग नाव पर सवार थे। कुछ दूर चलने के बाद ही नाव का संतुलन बिगड़ गया और नाव पलट गई। इससे उस पर सवार आधा दर्जन लोग लापता हो गए।

**श्रमजीवी एक्सप्रेस में धटना :** अज्ञात अपराधियों पर दर्ज किया गया मुकदमा

## चलती ट्रेन में विधायक सुहैब अंसारी के बॉडीगार्ड को चाकू मार लूट ली कार्बाइन

**केटी न्यूज/बलिया**

समाजवादी पार्टी के विधायक सुहैब उर्फ मन्नू अंसारी के सुरक्षाकर्मी पर हमलाकर कुछ बदमाश उनकी कार्बाइन लेकर फरार हो गए। घटना मंगलवार की बताई जा रही। जिसमें श्रमजीवी एक्सप्रेस में सफर कर रहे माफिया मुख्तार अंसारी के भतीजे सह विधायक का सुरक्षा गार्ड ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से श्रमजीवी एक्सप्रेस पकड़ा। लेकिन, जैसे ही ट्रेन सुल्तानपुर के करीब पहुंची उसके कंपार्टमेंट में कुछ आपराधिक तत्व के लोग आ पहुंचे। इस बीच उक्त बदमाश सुरक्षा कर्मी से बहस करने लगे। उसके बाद दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। तब तक उनमें से एक ने सुरक्षा कर्मी का कार्बाइन छीन लिया। जिसका सुरक्षा कर्मी विरोध करने लगा। तभी उन



अपराधियों में से एक एक उसे चाकू मार दिया और कार्बाइन लेकर फरार हो गए। घटना के बाद कंपार्टमेंट में अफरातफरी मच गई।

ट्रेन के सुल्तानपुर पहुंचने से पहले यात्रियों जीआरपी को सूचना दी। जिसके बाद जीआरपी पुलिस ट्रेन आने से पहले स्टेशन पर मौजूद हो गई। जैसे ही ट्रेन स्टेशन पहुंची जीआरपी पुलिस ने सुरक्षा कर्मी राकेश को जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

## सीएम ने छठ घाटों का लिया जायजा, छठव्रतियों की सुरक्षा का ध्यान रखने का निर्देश

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर बुधवार को सड़क मार्ग से विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेपी गंगा पथ होते हुए दीघा के पाटीपुल घाट, जेपी सेतु घाट, 93 घाट, 83 घाट, बालूपर घाट, कुर्जी घाट, एलसीटी घाट, पहलवान घाट, अंटो घाट और कलेक्ट्रेट घाट का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों को सीएम ने निर्देश दिया कि छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

छठ व्रतियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घाटों के पास मजबूत बैरिकेडिंग कराएं। घाटों पर साफ-सफाई एवं स्वच्छता की पूरी व्यवस्था रखें। घाटों के पहुंच पथ एवं गंगा नदी के किनारों की सड़कों के पास छठ व्रतियों के सुचारू आवागमन का प्रबंध कराएं। छठ व्रतियों की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें ताकि उन्हें अर्घ्य देने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे लोगों को जानकारी दें कि कौन से छठ घाट पर बेहतर व्यवस्था की गई है, ताकि व्रती इसके बारे में जान सकें। वहां सुविधापूर्वक पहुंच सकें। कहा कि लोगों के लिए काम में हम हमेशा लगे रहते हैं। वर्ष 2006 से ही छठ घाटों का निरीक्षण करते रहे हैं, ताकि छठ व्रतियों को हर प्रकार की सहूलियत मिले।

इससे पहले वे स्टीमर से तैयारियों का निरीक्षण करते थे, लेकिन 15 अक्टूबर को निरीक्षण के दौरान स्टीमर के पिलर से टकराने के कारण उन्हें चोट लग गई थी। उन्होंने पत्रकारों को पेट का वह हिस्सा भी दिखाया, जहां चोट लगी थी। मुख्यमंत्री ने दीघा के पाटीपुल घाट पर रूक कर वहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। फिर मुख्यमंत्री जेपी गंगा पथ पर रुककर 93 घाट और कलेक्ट्रेट घाट की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## शहर छोटी खबरें

### एक गोली, दो कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**आरा।** कोईलवर थाना क्षेत्र के बड़का चंदा गांव में ग्रामीणों द्वारा हथियार लहरा रहे एक युवक को पकड़ लिया गया। उसके बाद उसे पुलिस के हवाले किया। उसके पास से दो देशी पिस्टल और एक गोलियां बरामद की गयी है। गिरफ्तार युवक कोइलवर थाना क्षेत्र के बड़का चन्दा गांव के विवेक बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार बड़का चंदा गांव में एक युवक किसी बात को लेकर गांव की एक महिला से भिड़ गया था। उस दौरान वह पिस्टल दिखाकर महिला को धमकाने लगा। उसे देख ग्रामीण भड़क उठे और युवक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गयी और उसे गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि विवेक के पास से दो कट्टा और एक गोली जब्त किया गया है।

### पटाखा के विवाद में मां-बेटे समेत चार की पिटाई

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में मंगलवार की रात पटाखा छोड़ने के विवाद में मां-बेटे समेत चार लोगों की जमकर पिटाई कर दी गयी। उसमें सभी जख्मी हो गये, जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में दौलतपुर गांव निवासी स्व. बबन प्रसाद यादव की पत्नी पानो कुंवर, पुत्र मुन्ना राय, अजय कुमार और अरुण कुमार शामिल है। मुन्ना राय ने बताया कि उनका भाई घर के बाहर पटाखे छोड़ रहा था। तभी गांव के ही कुछ लोग दरवाजे पर आये और लाठी-डंडों से दरवाजा पीटने लगे। स पर वह बाहर निकला और पूछा कि दरवाजा क्यों पीट रहे हो। तब उनलोगों ने कहा कि तुम्हारा भाई मेरे घर के बाहर पटाखा छोड़ रहा है और लोगों से भी छोड़वा रहा है। इसी बात को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई।

### अज्ञात बुजुर्ग का मिला शव

**आरा।** पीरो थाना क्षेत्र के ओझवलिया मोड़ स्थित यात्री शेड से मंगलवार की सुबह एक 62 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद किया गया है। बुजुर्ग की पहचान नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उसके बाद पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गयी है। वहीं पुलिस बुजुर्ग की मौत पैर में घाव होने और बीमारी से होने की आशंका जता रही है।

### सदर अस्पताल आरा का औचक निरीक्षण


**आरा।** कार्यपालक निदेशक राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार पटना द्वारा औचक निरीक्षण सदर अस्पताल आरा में किया गया। विदित हो कि बिहार में मिशन 60 के अंतर्गत सभी जिला अस्पतालों में जीर्णोद्धार, रंग रोगन, प्लंबररिंग, गार्डनिंग, आंतरिक सड़क मरम्मती इत्यादि कार्यों का अनुश्रवण लगातार राज्य स्तरीय टीम के द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक के द्वारा सदर अस्पताल आरा का निरीक्षण किया गया। तथा आवश्यक दिशा निर्देश बीएमएसआईसीएल के प्रतिनिधि इंजीनियर रितेश कुमार, उपाधीक्षक डॉ अरुण कुमार, एवं अस्पताल प्रबंधक कौशल कुमार दुबे को दिया गया।

# सुख-समृद्धि के लिए सूप पीटकर दरिद्र खदेड़ने की परंपरा आज भी कायम

- दरिद्र खदेड़ने को महिलाएं लोहे के औजार से पीटती हैं बांस की बनी सूप
- दीपावली के बाद अन्नकूट की तड़के सुबह घर के कोने-कोने से दरिद्र को भगाया जाता है

**केटी न्यूज/आरा**

धन की देवी लक्ष्मी की पूजा दीपावली के बाद त्योहारों की श्रृंखला शुरू हो जाती है। इस कड़ी में दरिद्र (दलिद्दर) खदेड़ने की सदियों पुरानी परंपरा भी है। इस अवसर पर घर की महिलाएं सूप पीट घर से दरिद्र को खदेड़ती हैं। बांस से बनी सूप को हंसिया आदी लोहे के किसी औजार से पीट कर दरिद्र खदेड़ा जाता है। इस दौरान महिलाएं कहतीं है कि ईश्वर पइसे, दलिद्दर भागे" यानी कि 'ईश्वर आकर बैठें और दरिद्र भागे।


सूप बजा कर दरिद्र भगाने की परंपरा

को जोड़ कर देखा जाता है। कहीं दीपावली तो कहीं अन्नकूट की तड़के सुबह दरिद्र भगाया जाता है। जिले में अधिकतर जगहों पर आज दरिद्र को खदेड़ा जायेगा। इसे लेकर कई तरह की मान्यताएं भी है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि परंपरा कब और क्यों शुरू हुई है। हिन्दु धमार्चार्य मानते हैं कि दीपावली के दिन जब घर में लक्ष्मी आ जाएं, तो दरिद्र को बाहर भगा दिया जाए। इसके बाद ही स्थाई रूप से लक्ष्मी का घर में वास हो पाता है।

ऐसी मान्यता है कि भारत ऋषि और कृषि प्रधान देश है। इन दोनों के सामंजस्य के बिना सुख की कामना नहीं पूर्ण होती। बांस की बनी सूंप को बजा दरिद्र भगाने के पीछे कई तर्क हैं। शास्त्र में सूप को वनस्पति माना जाता है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक बांस का तारतम्य बना रहता है। सूप का अर्थ समृद्धि को ग्रहण कर अशुद्धि व दरिद्रता को छांटना है। इसी मान्यता के तहत महिलाएं इस परंपरा का पालन करती है। बताया जाता है कि ऋग्वेद में भी इस परंपरा का उल्लेख मिलता है।

यह भी मान्यता है कि लक्ष्मी और दरिद्र दोनों सगी बहनें थी, लेकिन दोनों का एक साथ निवास नहीं होता है। परंपरा विरोधी तत्वों को धारण करने वाली दोनों बहनों के विषय में कहा गया है कि एक के रहने पर दूसरी बहन का प्रवेश एक स्थान पर नहीं होता। दरिद्रा को ज्येष्ठा भी कहा जाता है। कहा जाता है कि दरिद्रा शाम होते ही पीपल, पाकड़, केले के पेड़, गूलर, कांटेदार व दूधयुक्त वृक्ष का आश्रय लेती है। इस कारण इन वनस्पतियों को घर के सामने लगाने की शास्त्र में मनाही होती है। कांटेदार वृक्षों में बेल का पेड़ घर के पीछे जबकि शमी का वृक्ष सामने दाहिने ओर होना चाहिए। शास्त्र में इसे समृद्धि का द्योतक माना गया है।

# किसान जागरूक होंगे तभी सही मायने में धरातल पर उतरेंगी योजनाएं : डीएम

## जहानाबाद में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- कृषक हितकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार पंचायत एवं ग्राम स्तर तक कराने का दिया निर्देश
- ग्रामीण इलाकों में किसानों को जागरूक करने के लिए रवाना हुआ प्रचार रथ

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

कृषि विभाग बिहार सरकार के निदेर्शानुसार रबी महाअभियान 2022 के अंतर्गत आज दिनांक 26 अक्टूबर 2022 दिन बुधवार को आत्मा जहानाबाद के द्वारा अब्दुल बारी नगर भवन जहानाबाद में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारीअने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर संयुक्त निदेशक (शष्य) मगध प्रमंडल, गया रतन कुमार भगत मौजूद थे। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि विभाग एवं उससे संबद्ध क्षेत्रों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारी विभिन्न कृषक हितकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार पंचायत एवं ग्राम स्तर के कृषकों के बीच करें। उन्होंने बताया कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कृषकों के बीच जानकारी एवं जागरूकता होना आवश्यक है। किसान कृषि की नवीनतम तकनीकों को अपनाकर अपनी फसलों की उपज और आमदनी बढ़ा सकते हैं।


किसानों को बीज देते डीएम व अन्य अधिकारी

### मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरक का करें प्रयोग

इस क्रम में जिलाधिकारी ने रबी महाभियान के तहत एलईडी से युक्त प्रचार रथ वाहन को हरी झंडी दिखाकर प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करने के लिए रवाना किया। इस दौरान संयुक्त निदेशक मगध प्रमंडल गया ने बताया कि किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार अपने खेतों में अनुशंसित उर्वरक का प्रयोग करना चाहिए, इसलिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड की महत्ता को कृषकों को समझाना क्षेत्रीय कर्मियों का दायित्व है। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक आत्मा जहानाबाद संजय कुमार के द्वारा कृषि विभाग के द्वारा रबी मौसम में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी किसानों एवं प्रसार कर्मियों को दी गई। उनके द्वारा मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना, प्रमाणित बीज वितरण राज्य योजना, कृषि यांत्रीकरण योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना (कृषि उन्नति योजना), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आकस्मिक/वैकल्पिक फसल योजना, फसल अवशेष प्रबंधन, आत्मा योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

मौके पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी जहानाबाद नेहा, उप परियोजना निदेशक आत्मा जहानाबाद राकेश कुमार, कृषि निरीक्षक तेलहन जहानाबाद शशी रंजन, सांख्यिकी सहायक विनोद कुमार सिंह, सहायक अनुसंधान पदाधिकारी मिट्टी जांच जहानाबाद सीपी राय, पौधा संरक्षण निरीक्षक जहानाबाद अनिल कुमार गौरव के अलावा सभी प्रखंडों के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार, प्रखंड स्तरीय लेखापाल एवं प्रगतिशील कृषकगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण स्नेहा सिन्हा ने कृषि यंत्र बैंक- कस्टम हायरिंग सेंटर के बारे में जानकारी दी गई। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक जहानाबाद प्रशांत कुमार के द्वारा बैंक ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। जिला पशुपालन पदाधिकारी जहानाबाद डॉ. अनिल कुमार सिन्हा ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड जहानाबाद कुमार रितेश के द्वारा नाबार्ड के द्वारा संचालित कृषक उत्पादक संगठन एवं कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र गंधार जहानाबाद के वैज्ञानिक कृषि अभियंत्रण ई. जितेंद्र कुमार एवं वैज्ञानिक पशु विज्ञान डॉ. दिनेश महतो ने कृषि की नवीनतम वैज्ञानिक तकनीक एवं फसलों के पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज पर प्रकाश डाला गया।

### बिहान ऐप के बारे में विस्तार से बताया गया

सहायक निदेशक प्रक्षेत्र जहानाबाद इंदु सिन्हा के द्वारा कृषि डाटा संग्रहण बिहान ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सहायक निदेशक उद्यान राखी कुमारी के द्वारा उद्यान संभाग के अंतर्गत संचालित योजनाएं जैसे सूक्ष्म सिंचाई ड्रिप एवं स्प्रिंकलर योजना, मुख्यमंत्री बागवानी मिशन योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। सहायक निदेशक भूमि संरक्षण जहानाबाद राम लखन ठाकुर के द्वारा भूमि संरक्षण संभाग से संचालित तालाब निर्माण, पक्का चेक डैम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# बक्सर-कोचस मुख्य मार्ग पर खड़ी ट्रक में कार ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

- लोग बोले- शराब के नशे में था कार चालक

**केटी न्यूज/बक्सर/राजपुर**

जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के बक्सर कोचस मुख्य मार्ग पर बुधवार की शाम स्थित बभनी भरखरा गांव के पास एक ट्रक व कार की सीधी टक्कर में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि कार में सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें राजपुर पीएचसी में प्राथमिक उपचार कराने के बाद सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया गया है। घटना शाम करीब साढ़े सात बजे की है। मृतक ट्रक चालक मुन्ना यादव



सिमरी थाना क्षेत्र के नियाजीपुर पंचायत के लाल सिंह के डेरा का रहने वाला था। जबकि जख्मियों की पहचान नहीं हो सकी है।

मिली जानकारी के अनुसार बभनी भरखरा गांव के बाहर स्थित एफसीआई के गोदाम के बाहर एक ट्रक खड़ी थी। उसका चालक ट्रक के पास ही खड़ा हो रस्सा बांध रहा था। इसी दौरान शाम करीब साढ़े सात बजे जमौली की तरफ से एक तेज रफ्तार आ रही कार ने नीचे खड़े चालक के साथ ही ट्रक में टक्कर मार दिया। इस घटना में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि कार पर सवार लोगों को भी काफी चोटे आई है। दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस घटना के बाद कार के परखच्चें उड़ गए है जबकि ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूत्रों का कहना है कि कार चालक शराब के नशे में था तथा इसके पहले जमौली और राजपुर में भी दुर्घटना को अंजाम दे तेजी से भाग रहा था। सूत्र बताते है कि चालक के नशे में होने के कारण ही यह हादसा हुआ है। हालांकि पुलिस ने चालक के शराब पीने की पुष्टि नहीं की है।

# धूमधाम से विसर्जित की गई मां लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमा

**केटी न्यूज/अरवल**

शहर व ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित मां लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को किया गया। श्रद्धालु भक्त नाचते गाते सोन नदी स्थित जनकपुर धाम घाट, बैदराबाद घाट, अहियापुर घाट, दूना छपरा घाट पर माता लक्ष्मी के प्रतिमा का विसर्जन किया गया। प्रतिमाओं का विसर्जन देर रात्रि तक चला नाचते गाते श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी को विदाई दी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चौकस रही। विसर्जन के पूर्व मां लक्ष्मी को भक्तो ने खोइछा भरा उसके बाद अपने क्षेत्र में घुमाया प्रतिमाओं को घुमाने के बाद अरवल स्थित सोन नदी तट पर पहुंच कर पहले मां की आरती पूजन किये



उसके बाद विसर्जन किया गया। सोन के अलावे आसपास के क्षेत्रों में स्थापित मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। जिनपुरा धावापर, मखदुमपुर, डंगरा आहर, मोथा, सिपाह सहित कई जगहों की प्रतिमा का विसर्जन जनकपुर धाम घाट पर किया गया। वहीं, बैदराबाद तरफ का मूर्ति विसर्जन बैदराबाद स्थित सोन नदी तट पर हुआ। अहियापुर का अहियापुर घाट, दूना छपरा तरफ की मूर्तियों का विसर्जन दूना छपरा घाट पर संपन्न हुआ।

### हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाई गई गोवर्धन पूजा

**आरा।** जिले में गोवर्धन पूजा उमंग और हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके मनायी गयी। इस अवसर पर भगवान कृष्ण, गोवर्धन पर्वत व गाय की पूजा की गयी। उसके बाद अखाड़ों में परंपरागत खेलों का प्रदर्शन किया गया। खेल कुश्ती, लाठी व गदका भांजने जैसे खेलों में करतब दिखाया गया। वहीं लोरकाईन गायन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसे शहर से गांव तक उल्लास का माहौल रहा। गोवर्धन पूजा को लेकर बुधवार की सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गयी थी। गोवर्धन पहाड़ से लेकर गौशालाओं की विशेष साफ सफाई की गयी। उसके बाद विशेष पूजा अर्चना की गयी। कहीं-कहीं गोबर से गोवर्धन पर्वत और भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति बनाकर पूजा की गयी। इस अवसर पर गौवंश के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

# बक्सर में पावर हाउस के वर्कशॉप में लगी आग

**केटी न्यूज/बक्सर**

चरित्रवन में स्थित पावर हाउस के वर्कशाप में बुधवार की देर शाम साढ़े सात बजे भयंकर आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से ऊपर उठने लगीं। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। लेकिन आग को काबू पर पाने में परेशानी सामने आ रही है। अधिकारियों की मानें तो आस-पास के लोगों द्वारा चलाए गए पटाखे की चिंगारी के कारण पावर हाउस गोदाम की बाउंड्री के समीप पेड़ों में लग गई और



उसने भीषण रूप धर लिया। गनीमत यह रही कि आग बाउंड्री के अंदर नहीं आई अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। बाउंड्री के अंदर तकरीबन 400 ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। ऐसे में यदि ट्रांसफार्मरों में आग लगती तो उन पर काबू पाना संभव नहीं होता और उनके जल जाने से जिले में छह महीने तक बिजली आपूर्ति ठप हो जाती।

# सामाजिक बदलाव के महानायक रामनरेश की 12 वीं बरसी पर भाकपा-माले ने मनाया संकल्प दिवस

**केटी न्यूज/आरा**

भाकपा-माले के वरिष्ठ पूर्व विधायक दल के नेता रामनरेश राम के निधन की 12वीं बरसी पर भाकपा-माले नगर कमेटी की ओर से क्रांति पार्क पूर्वी नवादा आरा में संकल्प दिवस के रूप में मनाया !इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर भाकपा-माले जिला सचिव जवाहरलाल सिंह ने कहा कि रामनरेश राम भोजपुर में सामंतवाद विरोधी आंदोलन के



शिल्पकार थे। उनके नेतृत्व में गरीबों ने सामाजिक मयार्दा राजनीतिक हैसियत बनाने का सपना देखा और उस सपने का नेतृत्व अपने पूरे जीवन में रामनरेश राम करते रहे। जब भोजपुर में गरीबों को खाट पर बैठने का अधिकार नहीं था,वोट देने का भी अधिकार नहीं था,मजदूरी मांगने का नहीं था उस संकट के दौर में रामनरेश राम गरीबों के आंखों की तारा की में उभरे और उनकी लड़ाई का नेतृत्व किया। आज यह लड़ाई पूरे देश में चिंगारी की तरह फैल गई !रामनरेश राम विधायक बनने के बाद एक सच्चे जनप्रतिनि के रूप में कार्य करते हुए उच्च दर्जे का इमानदार जनप्रतिनिधि होने का मिशाल पेश किए। उन्होंने आगे कहा कि आज उनकी पार्टी देश में क्रांतिकारी कम्युनिस्ट पार्टी के रूप में भाकपा-माले को देश में स्थापित करने में अपनी भूमिका निभाई और आज यह पार्टी फासीवाद के खिलाफ संघर्ष में अग्रिम मोर्चे पर है।

## एक नजर

### छठ घाट की सफाई करने गए किशोर की सोन नदी में डूबने से मौत, घर में मातम


घाट पर जुटी लोगों की भीड़

**अरवल।** सदर प्रखंड के जनकपुर घाट सोन नदी में छठ घाट की साफ सफाई करने गए 14 वर्षीय किशोर की मौत बालू माफियाओं द्वारा सोन नदी में बनाए गए गड्ढे में डूबने से हो गई। मिली जानकारी अनुसार कुर्था प्रखंड के कोनी गांव निवासी अमर कुमार शहर के वाशिलपुर में रह रहे अपने चाचा के यहां छठ पूजा में आया था। छठ पूजा करने के लिए सोन नदी में घाट के साफ सफाई करने गया था इसी क्रम में बालू निकालने वाले गड्ढे में गिर गया। किशोर को गड्ढे में गिरते देख स्थानीय लोगों ने निकालने का प्रयास किया, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चल सका। जिसकी सूचना सदर थाना को दी गई। सदर थाना के पुलिसकर्मी और गोताखोरों की सहायता से करीब एक घंटे बाद उसे बरामद किया गया। जिसके बाद सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु के सूचना मिलते ही परिजनों में छठ की खुशियां मातम में बदल गया। परिजनों ने बताया कि मृतक होनहार छात्र था और स्थानीय नवोदय विद्यालय शिवनगर में सातवीं कक्षा में पढ़ता था।

### सोन से बालू चोरी के मामले में सारण और पटना के 61 लोग गिरफ्तार, तीन नाव जब्त

**आरा।** जिले में सोन नदी से बालू की चोरी पर रोक लगाने को ले जारी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार की रात पुलिस ने बालू चोरी करते 61 लोगों को गिरफ्तार किया है। बालू लदी तीन नाव भी जब्त की गयी है। पुलिस के हत्थे चढ़े बालू चोर सारण, पटना, बलिया और भोजपुर के रहने वाले हैं। एसपी संजय कुमार सिंह द्वारा बुधवार को प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी है। बताया जा रहा है कि पुलिस को मंगलवार की रात सुरौंधा टोंक के समीप सोन से नाव के जरिए बालू चोरी की सूचना मिली। उस आधार पर पुलिस द्वारा टीम बनाकर सोन में रात में ही छापेमारी की गयी। हाई स्पीड बोट के जरिए पुलिस ने तीन नावों को जब्त कर लिया गया। उस पर सवार 61 लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उसमें भोजपुर, सारण, पटना और बलिया के लोग शामिल हैं। बता दें कि बालू के अवैध खनन, चोरी और ढुलाई को लेकर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत समय-समय पर बालू लदी नावों को जब्त करने के साथ चोरी और खनन में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है।


## सदर अस्पताल में 150 लोगों की हुई डेंगू जांच में मिले थे 13 संक्रमित

# रोहतास जिले में डेंगू के प्रसार में आई कमी, सतर्कता बरकरार

- सभी मरीज इलाज के बाद पूरी तरह से स्वस्थ , जिले में अभी एक भी डेंगू मरीज नहीं

**केटी न्यूज/रोहतास**

जिले में अब डेंगू बीमारी का प्रकोप धीरे धीरे कम होता दिखाई दे रहा है। बताते चलें कि अक्टूबर के शुरूआती दौर में रोहतास जिले में लगातार डेंगू के मरीज मिल रहे थे। वहीं अब डेंगू के मरीज मिलने का सिलसिला कम हो गया है। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार अभी जिले में एक भी डेंगू के



मरीज नहीं हैं । बताते चलें कि स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार एक दर्जन के आसपास लोग डेंगू से संक्रमित हुए थे, जो बेहतर इलाज के बाद पूरी तरह से स्वस्थ्य हो चुके हैं। हालांकि डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला स्वास्थ्य समिति अभी भी सावधानी बरते हुए हैं। विभागीय आदेश के अनुसार सासाराम सदर अस्पताल के अलावा बिक्रमगंज एवं डिहरी अनुमंडल अस्पताल में स्पेशल डेंगू वार्ड बनाया गया है, जो अभी भी संचालित है। हालांकि अभी निजी क्लीनिकों में जांच के बाद डेंगू से पीड़ित लोग मिल रहे लेकिन जिला स्वास्थ्य समिति के अनुसार वैसे व्यक्ति को सस्पेक्टेड डेंगू मरीज की श्रेणी में रखा जा रहा है। क्यों कि एनएस 1, आईजीएम किट में पॉजिटिव पाए जाने पर उक्त व्यक्ति को सस्पेक्टेड ही माना जा रहा है। वैसे व्यक्ति का सैम्पल एलिसा जांच के लिए गया मेडिकल कॉलेज भेजा जा रहा है। एलिसा जांच में पॉजिटिव पाए जाने पर इसे पूर्ण डेंगू माना जा रहा है।

जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में 150 के आसपास के लोगों की डेंगू जांच की गई। जांच में करीब 35 लक्षण वाले मरीज पाए गए उनमें से 29 लक्षण वाले मरीजों का सैंपल एलिसा जांच के लिए गया भेजा गया। जहां 13 लोगों में डेंगू होने की पुष्टि हुई थी। पुष्टि के बाद सभी मरीजों का इलाज किया गया, जो पूरी तरह से स्वस्थ है।

### साफ सफाई की वजह से डेंगू मच्छर में आई कमी

वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी जेपी गौतम ने बताया कि जिले में डेंगू का प्रभाव पहले से काफी कमजोर हो चुका है, लेकिन सावधानी अभी भी बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर महीने के आस-पास डेंगू के मच्छरों में वृद्धि हो जाती और इनकी वृद्धि का मुख्य कारण गंदगी एवं जल जमाव होता है। उन्होंने बताया कि त्यौहारों में साफ सफाई की वजह के साथ-साथ बढ़ती ठंड के कारण डेंगू के मच्छर धीरे धीरे कम हो रहे हैं। इस वजह से डेंगू बीमारी के प्रकोप में भी कमी आई है।

# जिले छोटी खबरें

## करंट की चपेट में आई महिला की मौत

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मोतीसाबाद गांव के बधार में बुधवार की शाम घास काटने के दौरान एक महिला धारा प्रवाहित तार की चपेट में आ गई। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों को जब घंटों बाद इसकी जानकारी मिली, तो किसी तरह तार को हटा शव को खेत से बाहर निकाल घर लाया गया। मृतका इसी गांव के रामकुमार सिंह की 45 वर्षीय पत्नी उषा देवी है। मिली जानकारी के अनुसार वह बुधवार की शाम बधार में घास काटने गई थी। संभवतः किसी किसान द्वारा खेंतों की सिंचाई के लिए तार बिछाया गया था। जिसके चपेट में आने से उषा की मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर बाद उसके परिजन उसे खोजते हुए गए तथा खेत में मृत अवस्था में पड़ा देखा तो तार हटा शव को बाहर निकाले। इस घटना के बाद परिजनों के क्रंदन चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से कई घटनाएं हो चुकी है। बावजूद लोग इन घटनाओं से सबक नहीं ले रहे है। उषा की मौत के बाद ग्रामीणों में बिजली कंपनी के प्रति भी आक्रोश है।

## नशे में झूमता शराबी गिरफ्तार

**डुमरांव।** कृष्णाब्रह्म पुलिस ने एनएच 84 स्थित धरहरा पुल के पास से शराब के नशे में झूमते एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार शराबी की पहचान भरियार ओपी थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी ददन कुर्मी के रूप में हुई है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी एक युवक धरहरा पुल के पास शराब के नशे में उत्पात मचा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम भेज उसे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**डुमरांव।** कृष्णाब्रह्म पुलिस ने थाना क्षेत्र के दियामान गांव से मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक अभियुक्त को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त अजय ठाकुर इसी गांव का रहने वाला है। उस पर स्थानीय थाने में मारपीट का मामला दर्ज था। जिसमें वह मुख्य अभियुक्त था तथा पुलिस को उसकी तलाश थी। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि वह अपने गांव आया है। इस सूचना पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# पहले के दिनों में गांवों की पहचान उनके पहलवानों से होती थी : ददन पहलवान

- मठिला में गोबर्द्धन पूजा पर आयोजित हई अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता
- कई राज्यों से आए पहलवानों ने कुश्ती में दिखाए दांव-पेंच

**केटी न्यूज/डुमरांव**



प्रतियोगिता का उदघाटन करते ददन पहलवान व अन्य अतिथिगण।



अखाड़े में दांव-पेंच आजमाते पहलवान



कुश्ती का मुकाबला देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़।

गोवर्धन पूजा के अवसर पर अनुमंडल के मठिला गांव में अंतर्राज्जीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बिहार, उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों के नामी-गिरामी पहलवानों ने शिरकत किया। गांव के दक्षिण बधार स्थित पहलवान भगेलू यादव व्यायामशाला में आयोजित इस कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व मंत्री ददन पहलवान, चक्की जिला पार्षद परमानंद यादव, कोरान सराय थानाध्यक्ष जुनैद आलम, स्थानीय पंचायत के मुखिया देवेंद्र सिंह आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे दर्शकों एवं कई राज्यों के पहलवानों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ददन पहलवान ने कहा कि पहले के दिनों में गांवों की पहचान उनके पहलवानों से होती थी।

यह हमारा अति प्राचीन खेल रहा है तथा भारत के पहलवानों का दबदबा दुनियाभर में होता था। उन्होंने कहा कि बीच के दौर में सरकारों की उदासीनता तथा युवाओं में घटते आकर्षण से यह खेल लुप्त प्राय हो गया था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इसमें सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह आज भी गांवों की पहचान पहलवानों से होनी चाहिए।

पूर्व मंत्री ने कहा कि गांव और कस्बों में पारंपरिक खेलों से अच्छे समाज की संरचना भी बनती है। अखाड़े में युवाओं के उतरने से शारीरिक क्षमता व मानसिक विकास बढ़ता है। हमारे समाज मे पहलवानों को उचित सम्मान देकर इस बुनियादी खेल को बरकरार रखे। इस दौरान रेफरी की भूमिका मिट्ठू पहलवान ने निभाई, जबकि संचालन यूपी के पहलवान वसीम टाइगर ने किया। अतिथियों को आयोजक सह समाजसेवी विजय यादव, मोहन तिवारी, फुलेंद्र सिंह, योगेंद्र यादव, उमेश यादव, ललन सिंह आदि ने स्वागत किया।

मठिला के अखाड़े में हरेक कुश्ती पर गणमान्य लोगों द्वारा पुरस्कारों की बौछार की गयी। पहलवानों के दांव-पेंच पर दर्शकों द्वारा तालियों से हौसलाअफजाई का दौर जारी रहा। इस प्रतियोगिता में आगरा के हरेंद्र पहलवान, गोलू पहलवान, मेरठ के हरेंद्र गुर्जर पहलवान, यूपी चंदौली के कृष्णा शमशेर पहलवान, गोलू पहलवान, छोटू पहलवान, बलिया के मंगरु पहलवान सहित अन्य ने अपना परचम लहराया। आयोजकों द्वारा विजयी पहलवानों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## नया तालाब के कलात्मक घाट पर 18वीं सदी से हुई थी छठ पूजन की शुरूआत

# 200 साल पुरानी है डुमरांव में छठ की परंपरा, हाथी पर सवार हो आते थे राजा



छठ पूजा को लेकर नया तालाब की सफाई करते मजदूर।

- राज परिवार ने खुदवाया था तालाब

**सौरभ केशरी/डुमरांव**

डुमरांव में लोक आस्था के महापर्व छठ की परंपरा 200 साल से भी पुरानी है। इस महापर्व से जुड़ी डुमरांव में कई स्वर्णीम यादें हैं जो सदियों पुरानी है तथा डुमरांव वासियों व राज परिवार के छठ पूजा के प्रति आस्था को बयां करती है। शहर के ऐतिहासिक तालाबों में शुमार नया तालाब भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

छठ पूजा के लिए ही राज परिवार द्वारा 1800 ई. में इस तालाब की खुदाई करवाई गई थी। तालाब के चारों तरफ कलाकृति से परिपूर्ण पक्के घाट बनवाए गए थे। विशेष तौर पर हर घाटों पर एक कमरा बनाया गया था, जिसमें महिलाएं स्नान करने के बाद अपने कपड़े को बदलती थीं। प्रकृति की गोद में खुदा यह तालाब तब अपनी भव्यता व विशालता के लिए लोगों के बीच न सिर्फ आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था, बल्कि कई परिवारों के रोजगार का साधन भी। इसके विस्तृत तट पर हजारों परिवार एक साथ छठ पूजा करते थे। जानकारों का कहना है कि सदियों पहले इसकी छटां निराली थी। चारोंतरफ से घनें बागीचों से घिरे इस तालाब को देख ऐसा लगता था मानों प्रकृति ने खुद इसे अपने हाथों संवारा है।

### आम लोगों के लिए वर्षों तक उपयोगी रहा नया तालाब

जानकारों की मानें तो 1800 सदी में ही तालाब के चारों तरफ शहर की महिलाओं ने भगवान भाष्कर को अर्घ्य देकर छठ पूजा की शुरुआत की थी। छठ मईया के दर्शन के लिए डुमरांव के राजा सपरिवार हाथी पर सवार होकर इस तालाब पर पहुंचते थे। धीरे-धीरे छठ व्रतियों की संख्या में इजाफा होने लगा और लोग शहर के अन्य तालाबों पर भी छठ करने लगे। तब यह तालाब छठ के साथ ही सालों भर लोगों के लिए उपयोगी बना हुआ था। पानी से लबालब भरे रहने वाले इस तालाब से आसपास के खेतों की सिंचाई होती थी। बुजुर्ग इस पानी से पूजा-पाठ करते थे। इसके पानी में इतनी मिठास थी कि घर की महिलाएं इस पानी से दाल पकाती थीं। मछुआरे तालाब से मछली पकड़ कर अपनी आजीविका चलाते थे। तालाब की मिट्टी से कुम्हार पूरे साल अपने धंधे को आकार देते रहते थे। पास-पड़ोस के लोग कपड़े धोने से लेकर दैनिक जीवन के अनेक कामों को इसी तालाब के सहारे निपटाते थे।

### उपेक्षा व अतिक्रमण का शिकार हो गया है ऐतिहासिक तालाब

आज यह तालाब बदहाली के कगार पर पहुंच गया है। चारों तरफ अतिक्रमण होने से इसका दायरा सिमट गया है जबकि गंदगी पसरे रहने से इसका वजूद मिटने लगा है। उपेक्षा का आलम है कि इसे चारों किनारे पर बने घाटों व कमरों का नामो-निशान मिट गया है। कुछ वर्ष पहले इस तालाब का पानी इतना गंदा हो गया था कि इसमें पलने वाली मछलियां मर गई थी। हालाकि इस नया तालाब को लोक आस्था के महापर्व छठ पूजन को लेकर नगर परिषद प्रशासन द्वारा नया लुक दिया जा रहा है। नप ने इस तालाब की साफ-सफाई जोरों से शुरू कराई है। खुद कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार इसके इतिहास को जान सफाई के साथ इसके वजूद को पुनर्स्थापित करने की पहल शुरू किए है। वहीं नप के उप सहायक बजेंद्र राय ने बताया कि छठ पूजन को लेकर घाटों की साफ-सफाई, पानी और अन्य तरह की विशेष सुविधाएं छठ व्रतियों को दी जायेगी। नप प्रशासन के इस पहल के बाद उम्मीद जगी है।

## पीडीएस दुकान की जांच में संतुष्ट दिखे खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग के सचिव

**केटी न्यूज/बक्सर**



पीडीएस दुकान का निरीक्षण करते सचिव

सूबे के खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग के सचिव सुधांशु पांडेय बुधवार को बक्सर में थे। उन्होंने जिले में पीडीएस दुकानों के धरातली स्थिति के साथ ही निमार्णाधीन स्टील साइलो खाद्यान्न भंडारण केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही अपने विभाग के कार्यों की समीक्षा भी की। मिली जानकारी के अनुसार सचिव पहले ब्रह्मपुर प्रखंड के देवकुली पंचायत अंतर्गत कुआंवन गांव के पीडीएस दुकानदार अश्विनी कुमार सिंह के पीडीएस दुकान पर पहुंचे। उन्होंन इस दौरान एक एक कर स्टॉक व वितरण पंजी को खंगाला तथा पीडीएस होल्डर के गोदाम का भी भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें वहां किसी तरह की खामी नजर नहीं आई। मौके पर उपस्थित उपभोक्ताओं से भी सचिव ने वितरण व मापतौल संबंधित कई जानकारियां हासिल की। हालांकि उपभोक्ताओं द्वारा भी किसी तरह की शिकायत नहीं की गई। जिसके बाद सचिव संतुष्ट दिखे। इसके बाद वे वहा से इटाढ़ी रोड में निमार्णाधीन स्टील साइलो खाद्यान्न भंडारण केन्द्र का निरीक्षण भी किए। निरीक्षण कर उन्होंने इसे समय से पूरा करने का निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि इस गोदाम के बनने के बाद बक्सर जिला में खाद्यान्न के भंडारण की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। उसके बाद उन्होंने अतिथि गृह में अपने मातहतों के साथ बैठक कर उन्होंने संबंधित विभाग के योजनाओं की समीक्षा की तथा कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उनके साथ खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव विनय कुमार, जिला पदाधिकारी अमन समीर, उप विकास आयुक्त महेन्द्र पाल, बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र, डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज समेत जिला आपूर्ति पदाधिकारी व कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। सचिव के इस निरीक्षण व समीक्षा से विभागीय पदाधिकारियों की मुश्किलें बढ़ी रही।

## राजपुर बीडीओ व सीओ ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, दिए निर्देश

**केटी न्यूज/राजपुर**



छठ घाट का निरीक्षण करते बीडीओ, सीओ व अन्य

स्थानीय प्रखंड के बीडीओ इंदुबाला, सीओ सोहन राम अंचल कर्मी शिवशंकर समेत प्रशासनिक टीम द्वारा बुधवार को प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पूजा समिति के सदस्यों तथा मातहतों को कई आवश्यक निर्देश भी दिया गया। प्रशासनिक टीम का मुख्य फोकस देवढ़िया सूर्यमंदिर घाट पर था। बता दें कि यह छठ घाट राजपुर प्रखंड का प्रमुख छठ घाट है।

जहां, स्थानीय गांव के साथ ही आस पास के कई गावों के लोग छठ पूजा करने आते है। भगवान सूर्य की मूर्ति स्थापित होने से इस छठ घाट का महत्व बढ़ जाता है। इस दौरान देवढ़िया मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव भी मौजूद थे। उन्होंने प्रशासनिक टीम को आश्वस्त किया कि छठ पूर्व घाटों की सफाई समेत सारी व्यवस्था दुरूस्त कर ली जाएगी। इसके अलावे भी विभिन्न पंचायतों में पूरे दिन प्रशासनिक टीम जाकर छठ घाटों का जायजा लेते रही तथा विधि व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए गए। छठ को लेकर प्रशासन की सक्रियता से व्रति परिवारों तथा घाटों की सफाई में स्वेच्छा से श्रमदान करने वाले युवाओं का हौसला बढ़ गया है। गौरतलब है कि लोक आस्था का महापर्व 30 व 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

# एक नजर

## छठ को लेकर सभी ट्रेनों में बढ़ी भीड़, दैनिक यात्रियों का भी मुश्किल हो रहा है सफर





ट्रेन पर चढ़ने के लिए उमड़ी भीड़

**डुमरांव।** लोक आस्था के महापर्व छठ को ले प्रवासी अपने घर आने लगे है। जिस कारण ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। हालांकि रेलवे द्वारा छठ को देखते हुए कई स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। लेकिन यात्रियों के मुकाबले ट्रेने कम पड़ रही है। लिहाजा भीड़ बढ़ गई है। आलम यह है कि पिछले एक पखवाड़े से यात्री ट्रेनों में लटक यात्रा करने को बाध्य हो रहे है। ट्रेनों में भीड़ बढ़ने से बाहर से आने वाले यात्रियों के साथ ही स्थानीय तथा दैनिक यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी लोकल यात्रियों हो रही है। जो ट्रेने आ रही है वह पहले से ही खचाखच भरी रहती है। ऐसे में यात्रियों के लिए ट्रेन में चढ़ना जंग जीतने जैसा हो गया है। दैनिक यात्री मनोज कुमार, रोहित कुमार आदि ने कहा कि पिछले एक पखवाड़े से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों में जगह नहीं मिल रही है। ऐसे में यात्रियों के गिरकर जख्मी होने का खतरा भी बना हुआ है।

## हनुमान मंदिर के 46वें स्थापना दिवस पर दुगोला रामायण गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**चौगाई।** स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर का 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर वैदिक विधान से वार्षिक पूजा के साथ ही दुगोला रामायण गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे चर्चित गायक अरविंद सिंह अभियंता एवं रामांशकर सिंह ब्यास के बीच शानदार मुकाबला हुआ। जिसका उद्घाटन एमएलसी मनोज पांडेय ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि रामायण गायन की परंपरा लोक आस्था से जुड़ी है। इस परंपरा का निवर्हन करना चाहिए। उन्होंने इसे आयोजन के लिए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। जबकि प्रसिद्ध उद्घोषक विजय बहादूर सिंह ने कहा कि विश्व स्तर पर भोजपुरी गीतों का अपना एक अलग पहचान व मिठास रहा है। लेकिन इसे संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके पूर्व आयोजन समिति के बंटी सिंह ने आगत अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ दे स्वागत किया। दोनों ब्यासों की प्रस्तुति की सराहना श्रोताओं ने करतल ध्वनियों से किया। मौके पर जिला पार्षद अरविंद प्रताप शाही, सीताराम सिंह, राम विनय सिंह, हरेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश सिंह, डब्लू समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## महर्षि विश्वामित्र चलंत आरोग्य वाहन के माध्यम से ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के सोनवर्षा वार्ड पांच में महर्षि विश्वामित्र चलंत आरोग्य वाहन के माध्यम से बुधवार को ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही जांचोपरांत उनके बीच दवा वितरण किया गया। बताया जाता है कि यह कार्यक्रम आपके द्वार स्वास्थ्य जांच के तहत किया गया। जिसका नेतृत्व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मनीष ओझा के द्वारा किया गया। चलंत आरोग्य वाहन में चिकित्सक डॉ. अभिलाष एवं सहायक डॉ. नितिन एव राम वाहन ने दर्जनों लोगों का इलाज कर दवा वितरण किया। चलंत आरोग्य वाहन कोरोना, सुगर, कब्ज होना, ब्लडप्रेशर समेत अन्य बीमारियों का इलाज किया गया। इसके अलावा खून जांच की भी सुविधा चलंत आरोग्य वाहन में मौजूद था।

## सड़क जाम में फंसे युवक ने नाराज होकर बीच सड़क पर ही छोड़ दी बाइक, पैदल निकला

**नावानगर।** सोनवर्षा बाजार में अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम लग जाता है। जाम के कारण लोग घंटों फंसे रहते हैं। बुधवार को सड़क जाम में फंसे एक युवक का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया था। युवक ने गुस्से में आकर सड़क के बीचोबीच अपनी बाइक लगाकर पैदल निकल पड़ा। बाद में स्थानीय लोगों ने बाइक को सड़क किनारे कर जाम मुक्त किया। इसके बाद युवक वापस आकर अपनी बाइक ले गया। स्थानीय लोगों के अनुसार सोनवर्षा में सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण प्रतिदिन वाहनों की जाम लग जाती है। बुधवार को भी यही स्थिति हुई। सड़क पर काफी देर तक वाहनों कि जाम लग गई थी। स्थिति ऐसी हो गई थी कि वाहन टस से मस नहीं हो रहा था। इसपर एक युवक ने यह कह कर गुस्सा गया कि सोनवर्षा बाजार की रोज-रोज की यही स्थिति हो गई है। साथ ही गुस्से में अपनी बाइक को सड़क के बीचोबीच खड़ाकर लॉक कर दिया। बाद में गांव के लोगों ने बाइक को किसी तरह सड़क किनारे कर जाम मुक्त किया। इधर, गांव के लोगों ने प्रशासन से सोनवर्षा के सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग किया। जिससे की सड़क पर वाहनों की आवाजाही में परेशानी न हो तथा जाम की स्थिति उत्पन्न न हो सके।

## नहीं हुई हाईमास्ट लाइट की मरम्मत, लोग परेशान

**डुमरांव।** शहर के सुमित्रा कॉलेज मोड़ के पास महीनों से खराब हुए हाई मास्ट लाईट का मरम्मत अबतक नप द्वारा नहीं कराया जा सका है। जिस कारण शाम ढलते ही यह इलाका अंधेरे में डूब जा रहा है। जदयू के नगर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता ने इस हाई मास्ट लाईट के अविलंब मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस हाई मास्ट लाईट के साथ ही शहर के कई अन्य हिस्सों के हाई मास्ट लाईट भी खराब हो गए है। जिनका मरम्मत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नप की उदासीनता की शिकायत मुख्यमंत्री के जनता दरबार में की जाएगी।








# बीए-एमए में दाखिला के लिए चौथी काउंसलिंग सूची जारी, 01 नवंबर तक करें आवेदन

- अभ्यर्थियों की मेरिट सूची विषय एवं कक्षावार श्रेणी व आरक्षण के अनुसार जारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में स्नातक स्तर पर (बीए, बीएससी, गणित व जीवविज्ञान, बीएससी कृषि, बीपीई) एवं स्नातकोत्तर स्तर (एमए, एमएससी, एमएससी कृषि, एम कॉम) प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसलिंग की सूची जारी हो गई है। स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर के प्राचार्य सह प्रो. डॉ. राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश के लिए चतुर्थ काउन्सलिंग की सूची जारी होने की जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश के लिए सफल अभ्यर्थियों की मेरिट सूची विषय एवं कक्षावार श्रेणी व आरक्षण के अनुसार जारी की गई है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित सफल अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए कॉलेज की वेबसाइट- www.pgcghazipur.ac.in पर सूची अपलोड कर दी गई है।

प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थी प्रवेश के लिए अपना आवेदन फार्म 01 नवंबर 2022 तक ऑनलाइन भर सकते हैं। अभ्यर्थी आनलाइन भरे गए आवेदन -पत्र डाउनलोड कर आवश्यक अभिलेखों की मूल प्रति के साथ महाविद्यालय के काउन्सलिंग समिति व सम्बन्धित विभाग में एक से दो नवंबर तक मुख्य सूची एवं 03 नवम्बर को सीट रिक्त रहने पर प्रतिक्षा सूची के अभ्यार्थी सुबह नौ बजे से दोपहर 01 बजे तक प्रस्तुत/जमा करेंगे।

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी निर्धारित समयानुसार प्रवेश आवेदन-पत्र व शुल्क जमा न करने पर उक्त सीट रिक्त मानी जाएगी और पुनः प्रवेश के लिए कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। प्रवेश के लिए जारी मेरिट सूची से रिक्त सीटों पर उक्त मेरिट सूची से नीचे के अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए अवसर प्रदान किया जाएगा।

प्राचार्य डॉ. राघवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर द्वारा प्रवेश में डिजिटल इण्डिया एवं पूर्ण पारदर्शिता की नीति अपनाते हुए पहली बार आनलाइन काउन्सलिंग की व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन काउन्सलिंग द्वारा अभ्यर्थी अपने घर बैठे पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्रवेश आवेदन-पत्र भर सकते हैं।

प्राचार्य प्रोफेसर पांडेय ने अभिभावकों से अपील की है कि समय रहते अपने बच्चों का आवेदन-पत्र ऑनलाइन भरवाकर सम्बन्धित अभिलेखों की मूल- प्रति के साथ काउन्सलिंग समिति के समक्ष प्रस्तुत/जमा करने में सहयोग करें। प्रवेश के लिए सभी प्रक्रिया आनलाईन है। इसलिए कोई अभ्यर्थी व अभिभावक किसी बिचौलिए के झांसे में न आए और न ही किसी को प्रवेश करा देने के नाम पर कोई धनराशि या घूस दे। यदि किसी को प्रवेश करा देने के नाम पर कोई धनराशि या घूस दी जाती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सम्बन्धित अभ्यर्थी एवं अविभावक की ही होगी।

# कुमकुम की हत्या से लोगों में उबाल बोले- न्याय मिलने तक चुप नहीं बैठेंगे

- अभी तक नही आई फोरेंसिक जांच की रिपोर्ट
- श्रद्धांजलि सभा में दलीय व जाती भेदभाव भूल शामिल हुए लोग

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बलिया के सरजू पांडेय पार्क में बुधवार को ब्राह्मण रक्षा दल के नेतृत्व में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल लोग।

बलिया की बेटी कुमकुम की मौत के बाद गाजीपुर जिला मुख्यालय में बुधवार को सरजू पांडेय पार्क में ब्राह्मण रक्षा दल के नेतृत्व में श्रद्धाजंलि सभा आयोजित की गई। जिसमें दलीय व जातीय भेदभाव भूल सभी लोग शामिल हुए। लोगों ने और उन्होंने कुमकुम को श्रद्धाजंलि दी। जदयू जिलाध्यक्ष विनीत कुमार तिवारी ने कहा कि जिस तरह कुमकुम पांडेय के साथ घटना घटी है वो किसी एक व्यक्ति का काम हो ही नहीं सकता। अभी तक फोरेंसिक जांच की रिपोर्ट का न आना। इसमें प्रशासन की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। आजादी के अमृत महोत्सव के दिन संस्कारी बता कर बिल्किस बानो के 11 आरोपियों को छोड़ा जाता तो ऐसी जघन्य घटनाओं को अंजाम देने वाले दुराचारियों को बल मिलता है। हमें किसी भी जाति धर्म की बेटी के अन्याय की आवाज एकजुटता से उठानी पड़ेगी। तब लचर कानून व्यवस्था व अपराधियों पर नकेल कसी जा सकती है।

**किसी भी धर्म की बेटी पर अत्याचार के खिलाफ मुखर रखेंगे आवाज :** ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा ने कहा कि जब तक कुमकुम को न्याय नहीं मिलेगा तब तक हम शांत नहीं बैठेंगे। बेटी चाहे ब्राह्मण की हो या किसी जाति या धर्म की हम अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज मुखरता से बुलंद करेंगे।

हम इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए बचे हुए अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ, इस मुकदमे को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग करते हैं। श्रद्धाजंलि सभा मे प्रेम मिश्रा, मृत्युंजय मिश्र, योगेंद्र कुशवाहा, क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष राजकुमार सिंह, सुनील सिंह, कांग्रेसी नेता राघवेंद्र चतुर्वेदी, मनीष पटवा, जब्बार राईनी, इरशाद अहमद, दीपक तिवारी, छात्र नेता दीपक उपाध्याय, कुसुम तिवारी, कृष्णानन्द उपाध्याय, दीपक पांडेय, शशांक उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, सोनू पांडेय, सन्नी उपाध्याय, राकेश पांडेय, अवनीश पांडेय, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ प्रभारी गाजीपुर अतुल पाण्डेय,अजित पांडेय, अश्वनी उपाध्याय, पंकज पांडेय, विनय उपाध्याय, विक्की उपाध्याय, बबिता सिद्दकी,मीरा चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

**आरोपितों ने पार की है निर्ममता की सारी हद :** अध्यक्ष प्रेम मिश्रा ने कहा कि कुमकुम से जिस प्रकार से अत्याचार किया है, उसे देख मानवता शर्मसार हो चुकी है। आरोपितों ने कुमकुम हत्याकांड में निर्ममता की सारी हदें पार कर दी हैं। जिसे प्रकार से कुमकुम पर अत्याचार हुए हैं, उसे सुनने मात्र से ही कलेजा फट जा रहा है। लेकिन, जिस बेटी पर उन हैवानों ने जुल्म किए हैं, उस पर क्या बीत रही होगी। उन्होंने मामले में मुख्यमंत्री से फास्ट ट्रैक कोर्ट चलाकर आरोपितों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

# अज्ञात अपराधियों ने अधेड़ के सिर व चेहरे पर वार कर खून से लथपथ हालत में छोड़ा

- मुर्गी फार्म पर सोने के दौरान अपराधियों ने वारदात को दिया अंजाम
- बेटे ने दी परिजनों को इसकी जानकारी

**केटी न्यूज/बलिया**



घटना के बाद मर्माहत परिवार के लोग।

जिले के भीमपुरा थाना अंतर्गत लवाईपट्टी गांव के अधेड़ को अज्ञात अपराधियों ने बुरी तरह मार कर जख्मी कर दिया है। घटना मंगलवार की रात की है। जिसमें गांव के अंतिम छोर पर स्थित कुशहां मौजे के समीप बने उसके मुर्गी फार्म पर अज्ञात लोगों ने उसके सिर व चेहरे को बुरी तरह कूच दिया है। वह अपने विस्तर पर खून से लथपथ बुरी तरह से जख्मी हालत में बेहोश पड़ा था।

परिजन रात को ही पुलिस को सूचना देते हुये उसे मऊ ले गए। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। विस्तर व चादर खून से सने पड़े दिखाई पड़ रहे थे। घटना क्यों हुई इसके बारे में कोई कुछ बता नहीं पा रहा है।

बताया जाता है कि भीमपुरा थाना क्षेत्र के लवाईपट्टी निवासी चंद्रभान चौहान का मुर्गि फार्म और डेरा गांव से बाहर कुशहां मौजे में है। वह रात को भोजन करने के बाद अपने पुत्र के साथ डेरे पर ही सोता है। मंगलवार की रात वह अपने बेटे को लक्ष्मीपूजा में कार्यक्रम देखने के लिए भेजकर डेरा पर सोने चले गया। रात्रि को कार्यक्रम खत्म होने के बाद उनका बेटा जब डेरा पर गया, तो उसने देखा कि कुछ बोलने पर वह कोई जवाब नहीं रहे थे, जिसके बाद वह भागकर घर गया और घरवालों को बताया। घर से लोग पहुंचे तो देखा वह खून से लथपथ बेहोश पड़ा था। जहां उन्होंने देखा कि सिर व मुह बुरी तरह कूचा हुआ था। उसके पेट को दबाने के बाद उसे हल्का सा होश आया और मुंह से खून निकला। जिसके बाद वो आननफानन में इलाज के लिये उन्हें मऊ ले गए। जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। जहां पर स्थिति गंभीर बनी हुई है। हालांकि, मामले में पुलिस को जानकारी दी गई, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवई नहीं की है।

# रविकिशन, निरहुआ गड़हा महोत्सव में बिखेरेंगे जलवा



पोस्टर अनावरित करते कलाकार व मंच के सदस्य।

## दो दिवसीय महोत्सव के लिए गड़हा विकास मंच ने जारी किया पोस्टर

**केटी न्यूज/बलिया**

जिले के भरौली में अखिल भारतीय भोजपुरी विकास सेवा संस्थान से संबद्ध गड़हा विकास मंच द्वारा पांच नवंबर को दो दिवसीय हरिशंकर राय स्मृति विशाल गड़हा महोत्सव मनाया जाएगा। जिसको लेकर ड़हा विकास मंच ने बुधवार को भरौली स्थित कार्यालय में कार्यक्रम के पोस्टर का अनावरण किया। पोस्टर का अनावरण भोजपुरी अभिनेता सह गायक गोपाल राय ने किया। इस दौरान गड़हा विकास मंच के अध्यक्ष चन्द्र मणि राय ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम पांच नवंबर को शाम पांच बजे से होंगे। जिसमें मुख्य रूप से रविकिशन, दिनेश लाल यादव निरहुआ, भरत शर्मा व्यास, गोलू राजा, मोहन राठौर, आलोक कुमार, प्रवेश लाल यादव, मनोहर सिंह, प्रणव सिंह कान्हा, अमित रंजन, विजय चौहान आदि अपना जलवा बिखेरेंगे। वहीं गायिकाओं में शिल्पी राज, आर्य नन्दिनी, अलका सिंह पहाड़ियां, अनुपमा यादव, राधा श्रीवास्तव, डिम्पल सिंह व अनुभा राय अपना हुनर दिखाएंगी। साथ ही, अभिनेत्री आम्रपाली दूबे, नीलम गिरी, रीतू सिंह व डिंपल सिंह भी मंच पर अपना रंग दिखाएंगी। इस दौरान रमेश यादव, सुशील राय, रियाजुद्दीन राजू, हरे राम राय, कुन्दन राय, कृष्णा पांडेय, कार्तिक राय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## छोटी खबरें

### गोली मारने की घटना मामले में दो दिन का अल्टीमेटम

**बलिया।** जिले के नरही थाना अंतर्गत चौरा गांव बीते 22 अक्टूबर को गोबर फेंकने को लेकर हुए विवाद में आपराधिक तत्वों ने एक युवक को गोली मार कर जख्मी कर दिया था। लेकिन मामले में पुलिसिया कार्रवाई अब सवालों के घेरे में है। पुलिस ने जख्मी युवक की तहरीर पर दर्ज प्राथमिकी के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इस क्रम में अधिकार सेना के संयोजक अमिताभ ठाकुर ने घायल युवक का वीडियो के साथ बयान भी जारी किया है। जिसमें युवक गोली मारने वाले लोगों दिनेश प्रताप सिंह, किशन प्रताप सिंह, आलोक सिंह, मन्नू सिंह और अखिलेश सिंह का नाम बताते हुए पूरे घटना की जानकारी दी। जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जिसको लेकर अमिताभ ठाकुर ने आरोप लगाया है कि पुलिस जानबूझ कर मुलजिमों को बचा रही है। उन्होंने पुलिस को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है। यदि इस बीच पुलिस आरोपितों पर कार्रवाई करती है, तब पार्टी आंदोलन करेगी।

### 60 हजार नगदी समेत लाखों के गहने ले उड़े चोर

**बलिया।** जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र के मुलायम नगर में मंगलवार की रात चोरों ने 60 हजार रुपये नगदी सहित लाखों रुपये के गहने पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। नगरा थाना क्षेत्र के गोठवां निवासी सतीश प्रकाश मुलायम नगर में मकान बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। दीपावली के मद्देनजर सपरिवार अपने गांव गए हुए थे। इधर बुधवार की सुबह जब मकान पर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ देख अवाक रह गए। सतीश ने बताया कि तीन सोने की चेन, चार अंगूठी, तीन जोड़ी सोने की बाली सहित 60 हजार रूपए के गहने पर हाथ साफ कर दिया।

### आरपीएफ बॉडी वॉर्म कैमरे से ट्रेन के अंदर कर रही है निगरानी

**गाजीपुर।** रेलवे सुरक्षा बल ने गाजीपुर सिटी के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार राय के द्वारा त्योहारों के बाबत ट्रेनों और स्टेशन पर विशेष चेकिंग और निगरानी का अभियान चलाया जा रहा है। इस त्योहारी सीजन पर ट्रेनों के अंदर एस्कॉर्ट के दौरान बॉडी वॉर्म कैमरा से भी निगरानी की जा रही है तथा भीड़ भाड़ को देखते हुए प्रत्येक प्लेटफार्म पर एक अधिकारी के साथ-साथ रेलवे सुरक्षा बल के सदस्यों को भी लगाया गया है। वापसी की भीड़ को देखते हुए पीआरएस टिकट खिड़की पर स्पेशल एक-एक स्टॉफ की ड्यूटी लगाई गई है।

## एक नजर

### छठ महापर्व को लेकर दउरी व सूप बनाने में जुटे बांसफोरवा समाज के लोग, मांग बढ़ने से कीमत तेज



**बलिया।** जिले में छठ महापर्व को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिसमें बांस की बनी दउरी व सुप का काफी महत्व है। इस चार दिवसीय महापर्व के अवसर पर नगरा बाजार में दउरी और सूप की दुकानें सजने लगी हैं। बांस के सामान बनाने में माहिर बसफोर समुदाय ने मांग के सापेक्ष अधिक से अधिक दउरी व सुप के निर्माण में अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं। दूसरी ओर पर्व के पूर्व ही मांग को देखते हुए बांस की कीमतों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। जिस तरह से गांवों से बांस की खूंटियां खत्म होती जा रही हैं। संभावना जताई जा रहा है कि आगामी वर्षों में उनके कटने की रफ्तार यही रही, तो सुपली और दउरी तैयार करने के लिए बसफोरों को अन्य राज्यों पर निर्भर होना पड़ेगा। जिससे बाद इन सामग्रियों की कीमतों में और भी बढ़ोतरी हो सकती है। छठ में पूजा की सामग्री व पकवान आदि ले जाने के लिए बांस की दउरी का इस्तेमाल होता है। साथ ही, सुपली में फल नारियल पकवान आदि रखकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है। कोदई निवासी दउरी सुपली बनाने वाले साधु ने बताया कि एक बांस 350 से 450 रुपये में आता है। इसमें चार पांच दउरी ही तैयार हो पाती है। ऊपर से पूरा परिवार पूरे दिन इसी काम में लगा रहता है। उनकी भी मजदूरी जोड़ दें, तो एक दउरी की कीमत 200 रुपये पहुंच जाती है। फिलहाल 200 रुपये में दउरी बिक रही है। बांस की कमी के चलते सुपली की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। सूपली भी 50 से 75 रू में बिक रही है।

### बोनस, एरियर की मांग को लेकर 28 से आमरण अनशन पर बैठेगा स्वायत शासन कर्मचारी संघ



**बलिया।** नगर पालिका परिसर में बुधवार को स्वायत शासन कर्मचारी संघ ने बैठक की। जिसमें 28 अक्टूबर से आयोजित आमरण अनशन की चर्चा की गई। इस दौरान अध्यक्ष अनिल कुमार राम ने बताया कि एनपीएस, सामूहिक बीमा, प्राइवेट एलआईसी, सन् 2021-2022 का बोनस, एरियर, आउट सोसिंग वेतन संबंधित तमाम मांगों को लेकर आमरण अनशन किया जाएगा। साथ ही, बैठक में अनशन को सफल बनाने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से पवन गुप्ता, हरिशंकर, विक्रमा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### बीएसए के निरीक्षण में मिले दो स्कूल बंद और सात विद्यालयों के 16 शिक्षक गायब

**बलिया।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) मनिराम सिंह ने बीते दिन जिले के तीन शिक्षा क्षेत्रों के 9 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में दो स्कूल स्कूल बंद मिले, वहीं सात विद्यालयों पर 16 शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक अनुपस्थित पाये गये। बीएसए ने बंद स्कूलों के शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जबकि गैरहाजिर शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक का अनुपस्थित तिथि का वेतन व मानदेय काटने का निर्देश दिया है। शिक्षा क्षेत्र सोहांव के प्राथमिक विद्यालय पिपरा कलां नंबर 2 का निरीक्षण करने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह पहुंचे, लेकिन विद्यालय बंद मिला। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय करजा पर बंद था। उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर का भी ताला नहीं खुला था। शिक्षा क्षेत्र चिलकहर के कम्पोजिट विद्यालय औंदी पर शिक्षक सतीश कुमार सिंह, उमेश कुमार यादव, राजेन्द्र यादव, सरिता देवी, शमीम आरा, बृजेश कुमार गुप्ता अनुपस्थित पाये गये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा इनका अनुस्थित तिथि का वेतन काटने का निर्देश जारी किया गया है। वहीं, प्राथमिक विद्यालय औंदी पर सरफराज अहमद व कुदलिया खातून अवकाश पर थे। हालांकि विद्यालय पर न बच्चे थे न मिड डे मील बना था। उच्च प्राथमिक विद्यालय पियरिया पर कन्हैया यादव, ममता कुशवाहा, विशाल सिंह, नेता सिंह व सुमंती सिंह अनुपस्थित पाये गये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अनुस्थित तिथि का वेतन काटने का निर्देश जारी किया गया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय सहदेश पर रत्नाकर लाल गौतम, अनुपस्थित पाये गये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अनुस्थित तिथि का वेतन काटने का निर्देश दिया गया है। बीसीए के इस फरमान के बाद शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### सरकारी गनर से कारबाइन लूट के मामले में खंगाले गए सीसीटीवी फूटेज

**वाराणसी।** श्रमजीवी एक्सप्रेस में सुल्तानपुर के समीप मुहम्मदाबाद के विधायक मन्नू अंसारी के गनर पर हमला और कारबाइन लूट की घटना के तार कैंट स्टेशन पर भी खंगाले गए। यहां पीड़ित गनर अमृतलाल के बयान पर सीसीटीवी फुटेज से संदिग्धों की पहचान का प्रयास किया गया। पड़ताल के बाद जीआरपी सुल्तानपुर की टीम वापस लौट गई। जानकारी के अनुसार पीड़ित ने जीआरपी को पहले बयान दिया कि वह कैन्ट स्टेशन से ट्रेन में सवार हुआ था, लेकिन यहां प्लेटफार्म नम्बर पांच पर लगे सीसीटीवी की जीआरपी के सहयोग से हुई जांच में यह बात पुष्ट हुई कि गनर यहां से ट्रेन में सवार नहीं हुआ था। बाद में पीड़ित ने बयान दिया कि वह पीडीडीयू नगर से गाड़ी में सवार हुआ है। जिसकी पड़ताल कर आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक एसएन मिश्र गनर के द्वारा दिए गए दो बयानों की जानकारी दी।

# छठ पूजा में यात्रियों की सुविधा के लिए चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

- वाराणसी-छपरा रेलखंड पर यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**केटी न्यूज/गाजीपुर/वाराणसी**



रेलवे प्रशासन द्वारा छठ यात्रियों की सुविधा के लिए वाराणसी -छपरा रेलखंड पर छपरा-पनवेल के मध्य छठ पूजा विशेष गाड़ी सं. 09193/09194 का संचलन किया जाएगा। छठ पूजा विशेष गाड़ी सं. 09193 छपरा से मंगलवार एक नवंबर को एवं छठ पूजा विशेष गाड़ी सं. 09194 पनवेल से बुधवार, 02 नवम्बर को एक ट्रिप में चलाई जाएगी। गाड़ी सं. 09193 छपरा-पनवेल छठ पूजा विशेष गाड़ी का संचलन मंगलवार, 01 नवंबर को छपरा से 15:20 बजे, बलिया से 16:50 बजे, गाजीपुर सिटी से 18:05 बजे, वाराणसी जं. से 19:50 बजे, बनारस से 20:05, प्रयागराज जं. से 22:40 बजे, दूसरे दिन सतना से 02:20 बजे, कटनी से 03:35 बजे, जबलपुर से 05:00 बजे, इटारसी 08:55 बजे, भुसावल से 13:25 बजे, नासिक रोड से 17:00 बजे, कल्याण से 19:50 बजे छुटकर 21:00 बजे पनवेल पहुँचेगी। वापसी यात्रा में गाड़ी सं-09194 पनवेलझ्छपरा छठ पूजा विशेष गाड़ी का संचलन बुधवार, 02 नवम्बर को पनवेल से 22:50 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 23:43 बजे दूसरे दिन नासिक रोड से 02:35 बजे, भुसावल से 06:05 बजे, इटारसी से 11:35 बजे, जबलपुर से 16:20 बजे, कटनी से 17:45 बजे, सतना से 19:05 बजे तीसरे दिन प्रयागराज जं. से 02:05 बजे, बनारस से 04:00 बजे, वाराणसी जं. 04:25 बजे, गाजीपुर सिटी से 06:00 बजे, बलिया से 07:05 बजे छुटकर 08:50 बजे छपरा जं. पहुँचेगी।

## जालना-छपरा के मध्य पूजा विशेष साप्ताहिक एक्सप्रेस का हुआ शुभारंभ

वाराणसी। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्योहारों पर होने वाली यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 07651/07652 जलना-छपराझजालना वाया वाराणसी, गाजीपुर एवं बलिया पूजा विशेष साप्ताहिक गाड़ी का संचलन जलना से 26 अक्टूबर, 02, 09, 16, 23 एवं 30 नवंबर 2022 को तथा छपरा से 28 अक्टूबर, 04, 11, 18 एवं 25 नवंबर 2022 को 06 फेरो के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी की संरचना में साधारण श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 10, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी 04, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी 01, एसएलआर श्रेणी के 02 कोचों सहित 21 कोच लगाये जायेंगे। इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 के संबंध में समय-समय आ जारी सभी मानकों का पालन करना होगा। यात्रियों की सुविधा के लिये जालना-छपरा-जालना के मध्य एक पूजा विशेष साप्ताहिक एक्सप्रेस 07651/07652 गाड़ी संचलन का शुभारंभ 26 अक्टूबर, 2022 को जालना से किया जाना प्रस्तावित है, जिसका उद्घघाटन विशेष गाड़ी संख्या - 07651 चलाकर किया जायेगा। नियमित विशेष गाड़ी का संचलन 28 अक्टूबर से प्रत्येक शुक्रवार को छपरा से तथा 02 नवम्बर से प्रत्येक बुधवार को जालना से किया जायेगा।